Date: 10 February 2010; Page:20; Edition: Nagpur

# छविगृहों में दिखाए जाएंगे आईपीएल के मैच

■ नागपुर में पांच थिएटरों से करार ■ यूएफओ मूविज की पहल

नागपुर, ९ फरवरी (लोस सेवा).

विश्व के सबसे बड़े डिजिटल सैटेलाइट नेटवर्क यूएफओ मूविज ने आईपीएल २०१० के मुकाबलों का सीधा प्रसारण देश भर के सिनेमा घरों में करने की व्यवस्था की है. देश के ५०० शहरों के लगभग एक हजार सिनेमा घरों में आईपीएल के मुकाबले दिखाए जाएंगे. ६०० थिएटरों ने पंजीयन करा लिया है. यूएफओ मूविज ने मल्टीप्लैक्स की श्रृंखला सिनेमैक्स, आइनॉक्स, फेम, पीवीआर व अन्य के साथ एक परदे वाले छविगृहों के साथ भागीदारी की है. १२ मार्च से आईपीएल के टी-२० मैचेस बड़े परदे पर स्टेडियम जैसे वातावरण के साथ देखे जा सकेंगे. यह जानकारी यूएफओ मूविज इंडिया लिमिटेड के सलाहकार चारू साटम ने संवाददाता सम्मेलन में दी. उन्होंने बताया कि यूएफओ मूविज के साथ देशभर के १७०० से अधिक डिजिटल परदे उपलब्ध हैं. आईपीएल के टी-२० मैचेस दिखाने के लिए क्राउन इंफोटेनमेंट के साथ करार हुआ है. इनके पास आईपीएल २०१० से २०१९ तक के वितरण अधिकार हैं. लगभग २०० मल्टी प्लैक्स के साथ मैचों के प्रसारण के लिए करार हो चुका है. नागपुर क्षेत्र में ७० सिनेमाघर ने आईपीएल २०१० के सीधे प्रसारण के लिए यूएफओ के साथ करार किया है. नागपुर में ५ छविगृह जयश्री टाकिज, जसवंत तुली मॉल के आइनॉक्स लेजर, पूनम मॉल और सिनेमैक्स में आईपीएल के मैचेस दिखाए जाएंगे. छविगृहों ने अपनी पसंद के अनुरूप मैचों का चयन किया है. दो सेमीफाइनल तथा फाइनल मुकाबले थ्री डी श्रेणी में दिखाए जाएंगे.



यूएफओ मूविज इंडिया के चारू साटम संवाददाताओं से चर्चा करते हुए.

नागपुर क्षेत्र के छोटे से छोटे गांवों में मैच दिखाने की व्यवस्था की है.

उनके अनुसार छविगृह में मैच के प्रसारण के दौरान सिनेमा जॉकी समय समय पर विविध कांटेस्ट लेंगे और विजेताओं को पुरस्कृत करेंगे. साथ ही चीयर गर्ल्स भी होंगी.

विविध क्षेत्र में प्रसिद्ध व्यक्ति छविगृह को भी भेंट देंगे. ४५ दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में ओवरों के बीच में विज्ञापन नहीं दिखाए जाएंगे. सिनेमाघरों में ३३ फीसदी अधिक मैच का दृश्य दिखेगा. क्लीयरिटी विश्व स्तरीय होगा. उन्होंने बताया कि मार्च-अप्रैल में परीक्षाएं होती हैं. ऐसे में फिल्में बहुत कम प्रमाण में प्रदर्शित होते हैं. इसलिए थिएटर चलाने वालों के लिए आईपीएल मुकाबले संजीवनी का काम कर सकते हैं.